उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी,

विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ

पत्रांकः170 / सं.ना.स. / दिनांक :

प्रिय महोदय,

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अकादमी द्वारा सम्भागीय स्तर पर तीन सम्भागीय नाट्य समाराहों का आयोजन प्रदेश के विभिन्न जनपदों में किया जाना प्रस्तावित है। नाटकों की गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुए सम्पूर्ण प्रदेश से नाट्य–संस्थाओं के आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

लखनऊ, हरदोई, फैज़ाबाद, अम्बेडकरनगर, बाराबंकी, रायबरेली, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बहराइच, भिनगा, गोण्डा, बलरामपुर, शाहजहाँपुर, पीलीभीत, रामपुर, मुरादाबाद, बरेली, बदायूँ, बिजनौर, कानपुर शहर, कानपुर देहात, उन्नाव, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, महोबा, बांदा, साहूजी महाराज नगर (चित्रकूट), झांसी, ललितपुर, इलाहाबाद, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, सुल्तानपुर, सोनभद्र, वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर, बलिया, महाराजगंज, जालौन, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, पडरौना, सिद्धार्थनगर, आज़मगढ़, मऊनाथ भंजन, भदोही, आगरा, अलीगढ़, एटा, महामाया नगर (हाथरस), मैनपुरी, मथुरा, फिरोज़ाबाद, मेरठ, मुज़फ्फरनगर, सहारनपुर, बुलन्दशहर, नोएडा, गाज़ियाबाद, इटावा, चंदौसी आदि जनपदों में सम्भागीय नाट्य समारोहों का आयोजन किया जा चुका है।

यदि आप सम्भागीय नाट्य समारोह में अपनी नाट्य–प्रस्तुति का प्रस्ताव भेजने के इच्छुक हों तो अपने प्रस्ताव आवेदन–शुल्क रू0 100 / –के बैंकड्राफ्ट के साथ **"सचिव, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ"** के नाम अंतिम तिथि 10-03-2022 तक वांछित संलग्नकों सहित संलग्न प्रपत्र पर भेजना सुनिश्चित करें। वांछित संलग्नकों के अभाव में अथवा निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त प्रस्तावों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

भवदीय

सचिव

सम्भागीय नाट्य समारोह के नियम

1. नाट्य समारोह में केवल प्रदेश की रजिस्टर्ड नाट्य–संस्थाओं को ही सम्मिलित किया जाएगा।
2. अकादमी द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर सम्भागीय नाट्य समारोह हेतु रू0 100/–(रूपए एक सो मात्र) के बैंकड्राफ्ट, जो कि **"सचिव, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ"** के पक्ष में होगा, के साथ ही स्वीकार किया जाएगा।
3. आवेदन–प्रपत्र के साथ वांछित संलग्नक अनिवार्य रूप से भेजे जाएं। अस्पष्ट एवं अपूर्ण आवेदन–पत्रों अथवा वांछित संलग्नकों के अभाव में आवेदन–प्रपत्र पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
4. निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. प्रत्येक सम्भागीय नाट्य समारोह में चार अथवा पांच नाट्य संस्थाओं के नाटकों क मंचन का निर्णय चयन समिति द्वारा प्राप्त आवेदन–पत्रों में से किया जाएगा।
6. प्रत्येक नाट्य–दल में मंच पर भाग लेने वाले अभिनेताओं/अभिनेत्रियों तथा नेपथ्य कलाकारों सहित (जिसमें निर्देशक भी सम्मिलित होगा) अधिकतम पच्चीस सदस्य होंगे।
7. प्रत्येक दल को प्रस्तुति–शुल्क, प्रत्येक सदस्य को यात्रा एव दैनिक भत्तों का भुगतान एवं अन्य व्यय अकादमी के नियमानुसार किया जाएगा।
8. नाट्य दलों को साधारण आवास–व्यवस्था अकादमी अथवा स्थानीय सहयोगी संस्था द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।
9. प्रेक्षागृह, प्रचार–प्रसार, रंगदीपन–उपकरण आदि की व्यवस्था अकादमी अथवा सहयोगी संस्था द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।
10. नाट्य प्रस्तुति से सम्बन्धित सेट, आवश्यक मंच–सामग्री की व्यवस्था संस्था को स्वयं करनी होगी। अकादमी द्वारा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सूक्ष्म व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं।
11. अकादमी द्वारा एक अथवा तीनों सम्भागीय नाट्य समारोहों में प्रदेश की उत्कृष्ट नाट्य–प्रस्तुतियों को विशेष रूप से प्रायोजित करने पर विचार किया जा सकता है।
12. इन सम्भागीय नाट्य समारोहों में प्रस्तुत सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियों को राज्य नाट्य समारोह अथवा अन्य अवसरों पर प्रायोजित करने पर विचार किया जा सकता है।
13. अकादमी द्वारा सम्भागीय नाट्य समारोह में प्रदर्शन करने वाली संस्था आगामी दो सम्भागीय नाट्य–समारोहों में सम्मिलित नहीं की जाएगी।
14. विशेष परिस्थितियों में नियम एवं शर्तों को शिथिल एवं परिवर्तन का अधिकार अकादमी द्वारा सुरक्षित है।

सचिव,
उ.प्र.संगीत नाटक अकादमी,
लखनऊ

सम्भागीय नाट्य समारोह हेतु प्रपत्र

1-प्रस्तावकर्त्ता संस्था का नाम एवं :.....

पत्र–व्यवहार का पता :.....

(कृपया पता स्पष्ट लिखें)

: पिन कोड.....टेलीफोन नं0.....

2- पदाधिकारियों के नाम : अध्यक्ष : .....

मोबाइल / टेलीफोन नं0 :.....

सचिव :.....

मोबाइल / टेलीफोन नं0 :.....

3- संस्था की स्थापना–तिथि :.....

4- पंजीकरण संख्या एवं वर्ष :.....

(प्रमाण–पत्र की नवीन फोटोप्रति संलग्न करे)

5- आवेदक संस्था का संविधान एवं पिछले तीन वर्षों का सारगर्भित इतिवृत्त एवं मंचित नाटकों का विवरण संलग्न करें। उक्त के साथ समाचार पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित समाचार / समीक्षा आदि की प्रतियां भी संलग्न करे।

(विवरण सादे कागज पर उपरोक्तानुसार संलग्न करें।) संलग्नक संख्या

6- आवेदक संस्था द्वारा संभागीय नाट्य समारोह हेतु प्रस्तावित एक सर्वश्रेष्ठ नाट्य–प्रस्तुति का (नाट्य प्रदर्शन से संबंधित स्मारिका, फोटोग्राफ, नाटक की सी.डी. समाचार–पत्रों की टिप्पणियां एवं अन्य) विवरण निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार संलग्न करें।

प्रस्तावित नाटक	लेखक/रूपांतरकार	निर्देशक का नाम	वर्ष	प्रदर्शन संख्या	प्रस्तुति की विधा (यदि हो)

संलग्नक संख्या.....

7- प्रस्तावित नाटक के निर्देशक का फोन नं0 एवं परिचय–वृत्त देते हुए निर्देशित प्रस्तुतियों का विवरण संलग्न करें। संलग्नक संख्या :.....

8- प्रस्तावित नाटक की स्क्रीप्ट संलग्न करें। संलग्नक संख्या :.....

क) संस्था द्वारा प्राप्त पुरस्कारों का विवरण।

ख) क्या संस्था को कहीं से प्रस्तावित नाटक के प्रायोजन में सहायता प्राप्त हुयी है?

ग) क्या संस्था ने किसी अन्य समारोह में भाग लिया है?

घ) अन्य विवरण, जो संस्था के हित में हों।

9- प्रस्तावित नाटक को करने का उद्देश्य कथासार एवं पात्रों सहित कलाकारों के नाम संलग्न करें। संलग्नक संख्या :.....

10- बैंक ड्राफ्ट संख्या :.....दिनांक.....

अदाकर्ता बैंक का नाम :.....

घोषणा

संस्था द्वारा प्रस्तावित नाटक में कोई भी अव्यवहारिक शब्द/वाक्य एवं दृश्य का प्रयोग नहीं है, जिससे समाज पर कोई दुष्प्रभाव पड़े। उपर्युक्त सारी सूचनायें सत्य हैं। किसी भी दशा में विवरण गलत सिद्ध होने पर नाट्य– समारोह में हमारी संस्था का चयन निरस्त किये जाने पर हमें कोई आपत्ति नहीं होगी। संभागीय/राज्य नाट्य समारोह के सभी नियम एवं शर्ते हमें स्वीकार हैं।

संस्था की मोहर **हस्ताक्षर निर्देशक** **हस्ताक्षर अध्यक्ष/सचिव**

टिप्पणी : विवरण देते समय आवश्यकतानुसार सादे कागज पर पृथक सूचनाओं की क्रमवार संख्या देते हुये संलग्न करें। संलग्न सूचनायें अध्यक्ष/सचिव से मोहर सहित हस्तारित होना अनिवार्य है।